उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल

दिनांक: 24.07.2014

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल में न्यायालय की निष्प्रयोज्य सामग्री (रद्दी कागज, अखबार, कॉज लिस्ट, टिन, लोहा, प्लास्टिक, टायर, प्रिंटर कार्टिरेज इत्यादि) की नीलामी हेतु मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म को नीलामी में भाग लेने हेतु जमानत के रुप में रु.5,000/- (रिफन्डेबल) तथा रु.200/- (नॉन-रिफन्डेबल) के डिमान्ड ड्राफ्ट जो **''महानिबन्धक, उच्च न्यायालय, नैनीताल''** के नाम देय हों, मुहरबन्द निविदा के साथ संलग्न कर दिनांक 11/08/2014 की दोपहर 12:00 बजे तक जमा करने होंगे। प्राप्त निविदायें दिनांक 11/08/2014 की दोपहर 2:00 बजे अधोहस्ताक्षरी/अधिकृत अधिकारी के समक्ष खोली जायेंगी।

इच्छुक व्यक्ति/फर्म, निविदा की समस्त शर्तों/नियमों का विवरण तथा सामग्री का अवलोकन नजारत अनुभाग से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकता है। विवरण उच्च न्यायालय की वैबसाइट http://highcourtofuttarakhand.gov.in पर भी उपलब्ध है।

ह0/-
महानिबन्धक
उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल

प्रतिलिपि निम्न को इस आशय के साथ प्रेषित है कि वे अपने नोटिस बोर्ड पर इसे वृहद प्रचार हेतु चस्पा करवायें:-

1. जिला न्यायाधीश, नैनीताल।
2. आयुक्त, कुमांऊ मण्डल, नैनीताल।
3. जिलाधिकारी, नैनीताल।
4. अपर जिला न्यायाधीश, सिविल कोर्ट, हल्द्वानी।
5. जिला सूचना अधिकारी, नैनीताल।
6. अधिशाषी अभियन्ता, नगर पालिका परिषद, नैनीताल।
7. लोक निर्माण विभाग, उच्च न्यायालय परिसर, नैनीताल।
8. न्यायालय के नोटिस बोर्ड एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा करने हेतु।

I/c सहायक निबन्धक (नजारत)
उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल

नियम एवं शर्ते

1. इच्छुक व्यक्ति/फर्म, निविदा की समस्त शर्तो/नियमों का विवरण तथा सामग्री का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में नजारत अनुभाग से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकता है। विवरण उच्च न्यायालय की वैबसाइट http://highcourtofuttarakhand.gov.in पर भी उपलब्ध है।

2. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/फर्म को नीलामी में भाग लेने हेतु जमानत के रुप में रु.5,000/– (रिफन्डेबल) तथा रु.200/– (नॉन–रिफन्डेबल) के डिमान्ड ड्राफ्ट जो **"महानिबन्धक, उच्च न्यायालय, नैनीताल"** के नाम देय हों, मुहरबन्द निविदा के साथ संलग्न कर दिनांक 11/08/2014 की दोपहर 12:00 बजे तक जमा करने होंगे।

3. प्राप्त निविदायें दिनांक 11/08/2014 की दोपहर 2:00 बजे अधोहस्ताक्षरी/अधिकृत अधिकारी के समक्ष खोली जायेंगी।

4. असफल बोली दाताओं का रु.5,000/– का डिमान्ड ड्राफ्ट अगले दिन वापस कर दिया जाएगा। सफल बोली दाता का रु.5,000/– का डिमान्ड ड्राफ्ट, समस्त धनराशी जमा करने तथा सामान को उठवाने के उपरान्त ही वापस किया जाएगा।

5. सफल निविदादाता को कुछ निर्देशित सामग्री (फाइलों) को इतने बारीक टुकडों में कटवाना होगा जिससे कि वे उपयोगार्थ ना रहें। उक्त कार्य हेतु उपयोग में आने वाली कटींग मशीन, मजदूरी, ईलेक्ट्रोनिक कांटा इत्यादि की व्यवस्था निविदादाता को स्वयं के खर्चे पर करनी होगी।

6. सामग्री किसी भी दशा में निर्धारित न्यूनतम मूल्य से नीचे नीलाम नहीं की जाऐंगी। सामग्री का निर्धारित न्यूनतम मूल्य निम्न प्रकार हैं:–

• रद्दी कागज/अखबार/कॉज लिस्ट (मय गत्ता)	रु.13.50 प्रति किलो
• टिन/लोहे का सामान	रु.26.00 प्रति किलो
• प्लास्टिक का सामान	रु.17.00 प्रति किलो
• टायर	रु.125.00 प्रति नग
• प्रिंटर कार्टिरेज	रु.50.00 प्रति नग

7. बोली के मूल्य (निर्धारित न्यूनतम मूल्य से ऊपर) संलग्न **फार्म–1** में भरकर जमा करना होगा।

8. निविदाकर्ता द्वारा सामान का समस्त मूल्य माननीय न्यायालय के रोकड़ अनुभाग में जमा करने के उपरान्त ही सामान उठाने दिया जाएगा।

9. समस्त सामग्री को 03 दिवसों के अन्दर उठाना होगा। 03 दिवसों के अन्दर सामान न उठाने तथा/अथवा समस्त धनराशी जमा न कर पाने की स्थिति में समस्त सुरक्षा धनराशी जब्त कर ली जाएगी।

10. माननीय उच्च न्यायालय को बिना कारण बताए निलामी की तिथि में परिवर्तन करने तथा समस्त निलामी प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार होगा।

11. यदि माननीय न्यायालय के संज्ञान में यह बात आती है कि बोली दाताओं ने आपस में सांठ–गांठ कर ली है जिसकी वजह से संस्था को उचित मूल्य नहीं मिल रहा है तो ऐसी स्थिति में निलामी निरस्त/स्थगित करने का पूर्ण अधिकार माननीय न्यायालय को होगा।

12. निलामी में बोली बोलने से पूर्व, इच्छुक व्यक्ति/फर्म को **नियम एवम् शर्तो** की कॉपी तथा **संलग्नक फार्म–1** को भरकर तथा यथास्थान हस्ताक्षर करके जमा करना होगा।

13. निलामी सम्बन्धी किसी भी कानूनी कार्यवाही का वाद क्षेत्र केवल जनपद नैनीताल स्थित न्यायालय होगा।

ह0/–
महानिबन्धक
उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय, नैनीताल

फार्म–1

- व्यक्ति / फर्म का नामः– ....
- पूरा पताः– ....
  ....
  ....
- मोबाइल / फोन नम्बरः– ....
- सुरक्षा धनराशी के डिमान्ड ड्राफ्ट का विवरणः–
  - रु.5,000 / – (रिफन्डेबल) ....
  - रु.200 / – (नॉन–रिफन्डेबल) ....
- लगाई गई बोली **(न्यूनतम निर्धारित मूल्य से ऊपर)**:–

क्र.सं.	सामग्री का विवरण	न्यूनतम निर्धारित मूल्य	लगाई गई बोली
1.	रद्दी कागज / अखबार / कॉज लिस्ट (मय गत्ता)	रु.13.50 प्रति किलो	
2.	टिन / लोहे का सामान	रु.26.00 प्रति किलो	
3.	प्लास्टिक का सामान	रु.17.00 प्रति किलो	
4.	टायर	रु.125.00 प्रति नग	
5.	प्रिंटर कार्टिरेज	रु.50.00 प्रति नग	

स्थानः–

दिनांकः– व्यक्ति / फर्म के हस्ताक्षर